# चीन को दी गई क्लीन चिट वापस लें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चीन को दी गई क्लीनचिट वापस लेते हुए माफी मांगनी चाहिए और चीन को यह बताना चाहिए कि चीन के साथ लगी सीमाओं पर अप्रैल, 2020 की यथास्थिति कब तक बहाल होगी।

पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पेंटागन की एक रिपोर्ट पर आधारित खबर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री की झूठी छवि बचाने के लिए चीन को क्लीनचिट दी गई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अरुणाचल प्रदेश पूर्वी क्षेत्र से भाजपा सांसद तापिर गाव ने पिछले साल जून में कहा था कि चीन की सेना अंदर घुसकर गश्त लगा रही है और निर्माण कर रहे हैं। उस वक्त सरकार ने उसे नकारा था। बाद में प्रधानमंत्री ने खुद चीन को क्लीनचिट दी। उस वक्त प्रधानमंत्री अपनी नकली छवि बचाने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, अब पेंटागन की रिपोर्ट आई है जिसमें वही बात की गई है, जो हम लोग बार-बार कह रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारी सीमा के साढ़े चार किलोमीटर भीतर चीन ने पूरा एक गांव बसा दिया है। इस गांव में कई बहुमंजिला इमारतें भी बना दी गई हैं। यह बहुत चिंता का विषय है। खेड़ा ने तंज कसते हुए यह आग्रह किया, प्रधानमंत्री को अपनी क्लीनचिट वापस लेनी चाहिए और देश को बताना चाहिए कि हां चीन घुसा है, घुसा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा, यह सब होने की वजह प्रधानमंत्री की गढ़ी गई झूठी छवि है। उस छवि को बचाने के लिए देश की सीमाओं की चिंता नहीं है, चीन को क्लीनचिट दी जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री देश को समयसीमा बताएं कि चीन के साथ लगी सभी सीमाओं पर अप्रैल, 2020 के समय की यथास्थिति कब तक बहाल हो जाएगी। उन्हें देश और दुनिया को गुमराह करने के लिए माफी मांगनी चाहिए।



कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा

### पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई बढ़ोतरी को वापस लें : कांग्रेस

नई दिल्ली, (वीअ)। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि कोरोना महामारी के समय पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई बढ़ोतरी को वापस लिया जाए। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले साल 31 मार्च तक जारी रखा जाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, सरकार पिछले एक हफ्ते से ढोल पीट रही है कि जीएसटी संग्रह कोविड से पहले की तरह हो गया है। हम सरकार से दो मांगें कर रहे हैं। कोविड के दौरान पेट्रोल पर 13 रुपये और डीजल पर 16 रुपये बढ़ाया था। पहली मांग यह है कि इस बढ़ोतरी को वापस लिया जाए। खेड़ा ने कहा, गरीब कल्याण अन्न योजना को आप (सरकार) नवंबर तक बंद करना चाहते हैं। भूख सूचकांक में भारत लुढ़क गया है। ऐसी स्थिति में हमारी यह दूसरी मांग है कि इसे अगले साल 31 मार्च तक जारी रखा जाना चाहिए। कांग्रेस शासित राज्यों में पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्यों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग है और भाजपा को पहले अपनी और सहयोगी दलों की राज्य सरकारों से बात करनी चाहिए।

# स्कूली छात्रों के शिक्षा के स्तर के आंकलन के लिए 12 को होगा सर्वेक्षण

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। स्कूली छात्रों के शिक्षा के स्तर का आकलन करने के लिये राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021 का आयोजन 12 नवंबर को किया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021 के तहत तीसरी, पांचवी, आठवीं एवं 10वीं कक्षा के छात्रों के शैक्षणिक स्तर का आकलन किया जाता है। इस बार इसके संचालन में निजी स्कूलों को भी शामिल करने का निर्णय किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में इस वर्ष 36 राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों के 733 जिलों में 1.23 लाख स्कूल हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने छात्रों के सीखने के परिणामों एवं उनकी क्षमता का आकलन करने के लिये मूल्यांकन ढांचा तैयार किया है। राष्ट्रीय स्तर पर यह सर्वेक्षण केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित किया जायेगा। मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण से छात्रों में सीखने से जुड़ी कमियों का पता लगाने और उसके अनुरूप शिक्षा नीति में जरूरी उपाए करने में मदद मिलेगी। इससे शिक्षा एवं अधिकारियों के क्षमता उन्नयन में भी मदद मिलेगी। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021 में केंद्र एवं राज्य सरकार के सरकारी विद्यालयों, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों तथा निजी एवं गैर सहायता प्राप्त स्कूल शामिल होंगे। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के अलावा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में निजी एवं गैर पंजीकृत स्कूलों को भी शामिल किया जाए ताकि छात्रों के सीखने के नतीजों के समग्र दृष्टिकोण का पता लगाया जा सके और एकीकृत राष्ट्रीय मानकों का विकास किया जा सके।मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी जिलों को एनसीईआरटी द्वारा विकसित ढांचे के अनुरूप तीसरी, पांचवी, आठवीं एवं 10वीं कक्षा के स्तर पर सीखने के परिणामों, जनजातीय छात्रों की शैक्षणिक स्थिति सहित उपलब्धियों का आकलन किया जायेगा।

# सिद्धू के बयानों के आगे-पीछे उनकी केदारनाथ तीर्थयात्रा का असर

**कमलेश त्रिपाठी**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू कई दिनों से नवजोत सिंह सिद्धू पर हमलावर दिख रहे हैं। लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू सिद्धू के संवाददाताओं से मुखातिब होने के कारण खफा हैं। वे कल ही सिद्धू और मुख्यमंत्री चन्नी के केदारनाथ यात्रा को लेकर प्रश्न कर रहे हैं। बिट्टू यहीं नहीं रुके, बल्कि वे इसके फौरन बाद सिद्धू की पत्रकार वार्ता को लेकर भी उन पर काफी गर्म दिखे। वजह साफ थी, क्योंकि सिद्धू केदारनाथ धाम से जैसे लौटे, वे भोलेबाबा को भूल प्रेसवार्ता करने की जल्दबाजी में दिखे। इस दौरान पूर्व क्रिकेटर ने अपनी ही पंजाब सरकार को लेकर कई मुद्दे उठाने से गुरेज नहीं किया।

शायद सिद्धू के इसी उतावलेपन से लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने अपनी फेसबुक वॉल पर एक पोस्ट साया कर दी। इसमें उन्होंने लिखा है कि 'केदारनाथ समझौता टूटा।' इसके बाद क्या था, फेसबुक पर पाठकों की ताबड़तोड़ तीखी प्रतिक्रियाएं नमूदार होने लगीं।

आश्चर्य यह है कि सिद्धू अकेले केदारनाथ नहीं गये थे, बल्कि उनके साथ सीएम चन्नी सहित हरीश चौधरी और राणा के पी सिंह भी इस पर्वतीय प्रांत के दौरे पर थे। इन सभी कांग्रेसियों ने मंदिर में पूजा की थी। ये सब देखकर पंजाब की राजनीतिक नब्ज समझने वालों ने भी यही निष्कर्ष निकाल लिया कि लगता है, अब दोनों खेमों के मध्य सुलह हो गयी है। इसके साथ ही यह भी निष्कर्ष सामने आने लगे कि लगता है कि अब आगे से सिद्धू अपनी ही सरकार को लेकर कोई उलट बयान नहीं देंगे और चन्नी चैन से राज्य का कामकाज संभालते दिखेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। आख़िरकार सिद्धू राजनीति के नये खिलाडी हैं और हैं तो वे पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी ही, इसलिए पंजाब लौटते ही उन्होंने संवाददाताओं को जुटाया और उन सीएम चन्नी के खिलाफ नयी शर्तें रखनी शुरू कर दीं, जो दो दिन पहले ही सिद्धू के साथ ही केदारनाथ धाम यात्रा करके चंडीगढ़ लौटे थे।

लगता है कि राज्य के साथ ही अब देश के दूसरे राज्यों के कांग्रेसी नेता भी सिद्धू के यात्रा के लौटने के फ़ौरन बाद ऐसे जल्दबाजी भरे आये बयानों से खफा हैं। तभी तो राज्य कांग्रेस नेता गुरसिमरन मांड ने लिखा है कि 'बिट्टू जी, तुस्सी केहड़ा घट हो।' सिद्धू को लेकर सुखबीर सिंह बादल भी चुप नहीं दिखे। उन्होंने सिद्धू को 'मिसगाइडेड मिसाइल' की एक बार फिर संज्ञा दे दी। इन सबके बीच एक बात तो तय है कि अगले साल राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे, तो क्रिकेटर रहे सिद्धू के अब तक आये चौके-छक्के से निकले तीर खुद कांग्रेस को भी लग जाएं, तो इसमें क्या ताज्जुब?

# तटरक्षकों ने कारवार के पास सात मछुआरों को बचाया

मंगलुरु, (भाषा)। तटरक्षक बल ने समय पर और त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्नाटक में कारवार के पास मछली पकड़ने वाली एक नाव में आग लगने के बाद संकट में फंसे सात मछुआरों की जान बचा ली। तटरक्षक बल की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घटना के बाद तटरक्षक बल की कर्नाटक टीम ने मछुआरों को सुरक्षित निकाल लिया और शुक्रवार को नौका में लगी आग को बुझा दिया। न्यू मैंगलोर के समुद्री बचाव उप केन्द्र (एमआरएससी) को रात करीब 10 बजे नौका आईएफबी वर्दा में आग लगने की सूचना मिली। तटरक्षक बचाव पोत सी155 मौके पर गया और सात मछुआरों को मछली पकड़ने वाली अन्य नौका आईएफबी वज्र पर पहुंचाया। खराब मौसम के बीच तटरक्षक बल को आग पर काबू पाने में करीब तीन घंटे का समय लगा।

# देश में कोरोना के 10,929 नए मामले सामने आए

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। भारत में शनिवार को कोविड-19 के 10,929 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,43,44,683 हो गई। वहीं, संक्रमण से 392 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,60,265 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर।,46,950 हो गई।

देश में लगातार पिछले 29 दिन से कोविड-19 के दैनिक मामले 20 हजार से कम हैं और 132 दिन से 50 हजार से कम नए दैनिक मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में।,972 की कमी आई है, और इलाज करा रहे मरीजों की कुल संख्या।,46,950 हो गई, जो कुल मामलों का 0.43 प्रतिशत है। यह दर मार्च 2020 के बाद से सबसे कम है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.23 प्रतिशत है, जो मार्च 2020 के बाद से सर्वाधिक है। सरकारी आंकड़ों के



मुताबिक दैनिक संक्रमण दर इस समय 1.35 प्रतिशत है जोकि लगातार पिछले 33 दिनों से दो प्रतिशत से नीचे है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 1.27 प्रतिशत है जोकि पिछले 43 दिनों से दो प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अभी तक कुल 3,37,37,468 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण मुहिम के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 107.92 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, इस साल चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे। संक्रमण से पिछले 24 घंटों में 392 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 314 लोगों की मौत के मामले केरल में सामने आए और महाराष्ट्र में 17 लोगों की मौत हुई। देश में संक्रमण से अब तक 4,60,265 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र में।,40,362 लोगों की, कर्नाटक में 38,102 लोगों की, तमिलनाडु में 36,204 लोगों की, केरल में 33,048 लोगों की, दिल्ली में 25,091 लोगों की, उत्तर प्रदेश में 22,903 लोगों की और पश्चिम बंगाल में 19,201 लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति में होगा विस चुनावों पर मंथन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली राजधानी स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के सम्मेलन कक्ष में रविवार को होने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले सात साल में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर केंद्रित होगी।

बैठक स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर जहां प्रदर्शनी लगाई जा रही है, वहीं कोविड-प्रबंधन, रिकार्ड टीकाकरण और वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें सम्मानित करने की भी योजना बनाई गई है।

बैठक पूर्वाह्न 10 बजे आरंभ होगी और उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का संबोधन होगा। बैठक का समापन प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से होगा। भाजपा महासचिव अरूण सिंह ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कोविड संबंधी नियमों को ध्यान में रखते हुए एनडीएमसी कनवेंशन सेंटर में कार्यसमिति के 124 सदस्य उपस्थित रहेंगे। इनमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा सभी केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा में पार्टी के नेता पीयूष गोयल व कार्यसमिति के अन्य सदस्य शामिल हैं।उन्होंने कहा कि 36 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में प्रदेश अध्यक्षों के नेतृत्व में राज्य इकाइयां डिजिटल माध्यम से कार्यसमिति की बैठक से जुड़ेंगी।

उन्होंने कहा, इस बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। साथ ही, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब के विधानसभा चुनावों की तैयारी पर विशेष चर्चा होगी और मंथन होगा। इसके अलावा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा होगी। सिंह ने बताया कि कोविड-19 से जिन नेताओं व लोगों की असमय मौत हुई है, उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ ही एक शोक प्रस्ताव भी पारित होगा।

उन्होंने कहा कि कार्यसमिति में एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें आत्मनिर्भर भारत के बारे में प्रधानमंत्री के संकल्प, गरीब कल्याण योजनाओं से आम गरीब को मिल रही मदद, महिलाओं के बैंक खातों में पैसों का हस्तांतरण, सहित समाज के सभी वर्गों के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख होगा।

प्रदर्शनी में कोविड काल के दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कोविड-19 के खिलाफ चलाए गए सेवा ही संगठन अभियान को विशेष रूप में रेखांकित किया जाएगा। साथ ही टीकाकरण अभियान में सौ करोड़ से ऊपर का आंकड़ा पार किए जाने का भी उल्लेख होगा।उल्लेखनीय है कि हाल ही में कुछ राज्यों में हुए उपचुनाव के परिणाम से भाजपा को लगे झटके के बीच यह बैठक हो रही है। इन चुनावों में पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया था।पिछले वर्ष कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद पहली बार यह बैठक सभी की उपस्थिति में होने जा रही है।

# मोदी जी के विकास की गाड़ी रिवर्स गियर में है और ब्रेक भी फेल़ हैं: राहुल

नई दिल्ली, (वीअ)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के मुद्दे को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मोदी के विकास की गाड़ी रिवर्स गियर में है और ब्रेक भी फेल़ हैं। उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि एलपीजी के दाम बढ़ने से लाखों परिवार चूल्हा फूंकने को मजबूर हैं। कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, विकास के जुमलों से कोसों दूर, लाखों परिवार चूल्हा फूंकने पर मजबूर। मोदी जी के विकास की गाड़ी रिवर्स गियर में है और ब्रेक भी फेल़ हैं।

# श्रीनगर में कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक?

## कई इलाके रेड जोन में

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू। क्या श्रीनगर में कोरोना की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। बढ़ते मामले और रेड जोनों की बढ़ती संख्या इसके प्रति शंका पैदा कर रही है। अधिकारी कहते थे कि अगर मामलों की बढ़ती रफ्तार नहीं थमी और लोगों ने कोविड मानकों का पालन नहीं किया तो पूरे जिले में लाकडाउन लगाना पड़ सकता है।

श्रीनगर जिले में कोविड-19के मामलों में तेजी से वृद्धि को देखते हुए,अधिकारियों ने 8 और क्षेत्रों को माइक्रो-कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिला अधिकारियों ने कहा कि ये क्षेत्र श्रीनगर शहर के बटमालू, जदीबल, एसआर गंज और खानयार के चिकित्सा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

श्रीनगर के डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि श्रीनगर में लोग कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए जारी एसओपी का पालन नहीं कर रहे हैं। लोगों की यह लापरवाही कोरोना की तीसरी लहर का कारण बन सकती है। उन्होंने लोगों से एक बार फिर अपील की कि वह जारी एसओपी का पालन करें नहीं तो उनके पास सख्ती करने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं रह जाएगा।

श्रीनगर लाल चौक के दौरे पर निकलते डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद एजाज असद ने बाजार में खरीददारी कर रहे लोगों को देखने के बाद कहा कि लोग कोरोना महामारी को लेकर अभी भी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। हर दिन प्रदेश में सामने आ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों में 60 प्रतिशत मरीज श्रीनगर जिले से ही सामने आ रहे हैं। इन मामलों में वृद्धि के पीछे कोविड दिशानिर्देशों का पालन न करना ही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात देखते हुए यह स्पष्ट है कि जम्मू कश्मीर में श्रीनगर जिला संभावित कोविड की तीसरी लहर का कारण बन सकता है।

# तीसरा गोवा समुद्री सम्मेलन आज से

पणजी,(भाषा)। गोवा समुद्री सम्मेलन का तीसरा सत्र सात से नौ नवंबर के बीच यहां आयोजित किया जा रहा है। पहुंच बढ़ाने संबंधी भारतीय नौसेना की इस पहल में हिंद महासागर क्षेत्र में गैर पारंपरिक खतरों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। नौसेना के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंद महासागर के 12 तटवर्ती देशों बांग्लादेश, कोमोरस, इंडोनेशिया, मैडागास्कर, मलेशिया, मॉलदीव, मॉरिशस, म्यांमा, सेशैल्स, सिंगापुर, श्रीलंका और थाइलैंड के नौसेना प्रमुख अथवा समुद्र सुरक्षा बलों के प्रमुख इसमें हिस्सा लेंगे। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा, गोवा समुद्री सम्मेलन(जीएमसी)-2021 का तीसरा सत्र गोवा के नेवेल वॉर कॉलेज के तत्वावधान में सात से नौ नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। जीएमसी भारतीय नौसेना की पहुंच बढ़ाने की पहल है जो समुद्री सुरक्षा में लगे लोगों और शिक्षाविदों के अनुभवों को साझा करने के लिए बहुदेशीय मंच उपलब्ध कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि यह सम्मेलन इस साल मई में आयोजित गोवा मैरीटाइम सिम्पोजियम-21 के कार्य स्तर पर विचार-विमर्श को आगे बढ़ाएगा।

# वाजे व परमबीर ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों से काफी धन की उगाही की थी: पुलिस

मुंबई, (भाषा)। मुंबई पुलिस ने यहां एक अदालत में कहा कि बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे और पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों को गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे ढेर सारे पैसे वसूल किये। इसके साथ ही पुलिस ने वाजे की हिरासत बढ़ाने का भी अनुरोध किया। वाजे के विरुद्ध गोरेगांव पुलिस थाने में उगाही का एक मामला दर्ज है। बिल्डर और होटल व्यवसायी बिमल अग्रवाल की ओर से दायर शिकायत के आधार पर मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने एक नवंबर को वाजे को हिरासत में लिया था। इस मामले में मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह आरोपी हैं। वाजे को शनिवार को एक अदालत में पेश किया गया, क्योंकि उनकी हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। पुलिस ने आगे की जांच के लिए उनकी हिरासत मांगी, जिसे अदालत ने 13 नवंबर के लिए बढ़ा दिया। पुलिस ने अदालत को बताया कि वाजे और वांछित आरोपी परमबीर सिंह ने क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वालों को गिरफ्तार करने का डर दिखाकर उनसे ढेर सारे पैसे की उगाही की। अदालत को बताया गया कि यह कैसे किया गया इसकी जांच की जानी है। अपराध शाखा ने यह भी कहा कि वे इसकी भी जांच करना चाहते हैं कि क्या वाजे ने सिंह के नाम पर किसी से पैसा लिया और उगाही के लिए सिंह के अलावा किसने उसकी मदद की। अपराध शाखा ने कहा कि वह इसका पता लगाना चाहती है कि उगाही का धन किससे लिया गया और किसको दिया गया। पुलिस ने कहा कि अपराध शाखा इसकी जांच भी करना चाहती है कि आरोपी ने इस प्रकार और कितने अपराध किये। अदालत में पुलिस ने कहा कि वाजे परमबीर सिंह का करीबी है और अपराध शाखा उससे सिंह के बारे में पूछताछ करना चाहती है। पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता ।अग्रवाला की आवाज के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किये गए हैं। अदालत को बताया गया कि उगाही के तौर पर शिकायतकर्ता द्वारा सचिन वाजे को दिए गए मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि उसके दो बार और रेस्तरां पर छापा न पड़े इसके लिए उससे नौ लाख रुपये की मांग की गई थी और 2.92 लाख रुपये के मोबाइल फोन मांगे गए थे। पुलिस के अनुसार घटना जनवरी 2020 और मार्च 2021 के बीच हुई थी।

# नगालैंड के पूर्व मुख्यमंत्री एससी जमीर ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली, (विप्र) । नगालैंड के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एस सी जमीर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर उनसे विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। नगालैंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सम्मानित राजनेता एस सी जमीर से मुलाकात शानदार रही। विभिन्न मुद्दों पर हमने विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने 2009 में गुजरात के राज्यपाल के रूप में भी कुछ समय काम किया और इस दौरान की कुछ अच्छी यादें भी हैं।


**In The Court of Sh. Sachin Jain, Learned Additional District Judge-02, Room No. 605, 6th floor, Dwarka Courts, New Delhi.**
**PC No.: 40/2021**
**Kishori Lal Tiwari**
**V/s**
**State And Ors.**
**Citation Under Indian Sucession Act, 1925**
Whereas an application under section 222, 224 and 276 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate/ letter of Administration to the estate **Late Smt. Sushila Desai Who died on 02.12.2014, Petitoner has been made by Sh. Sh. Kishori Lal Tewari S/o Lt. Sh. Mathuraban Tewari R/o H. No. A-1/241, Janak puri, New Delhi-58 in respect of immovable property with will annexed dated 30.04.2009 bearing no. A-1/241, Janak Puri, New Delhi-110058.**
Whereas the case has been fixed for hearing on **17.01.2022.** Notice is hereby given that any person having any interest in the Administration of the Estate of the said deceased may if he/she desires to appear in this court of the said **17.01.2022** and see the proceedings before the Grant of Probate (or for Letter of Administration).
Given under my hand and the seal of this Court on this **02.11.2021.**
**Seal** **Sd/-**
**Learned Additional District Judge-02, Dwarka Courts, New Delhi.**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण–।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
ओ. ए नं. 54/2020
ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स — आवेदक
विरूद्ध
गौरव शर्मा एवं अन्य — प्रत्यार्थी
सेवा,
1. श्री गौरव शर्मा, (प्रतिवादी नं. 01) पुत्र श्री प्रेम दत्त शर्मा, सी–9/9854, सेक्टर सी, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070 और: 202, सम्राट अशोक सीजीएचएस एन्क्लेव, सेक्टर 18ए, प्लॉट नं. 6, द्वारका, नई दिल्ली –110075 और: ई–9/14, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057
2. श्री प्रेम दत्त शर्मा, (प्रतिवादी नं. 02) पुत्र श्री पन्ना लाल शर्मा, ई–9/14, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 और: सी–9/9854, सेक्टर सी, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070 और: 202, सम्राट अशोक सीजीएचएस एन्क्लेव, सेक्टर 18ए, प्लॉट नं. 6, द्वारका, दिल्ली–110075
जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रुपये **23,26,320.00** (रु. तेईस लाख छब्बीस हजार तीन सौ बीस मात्र) की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको **दिनांक 20-11-2021 को पूर्वा. 10.30 बजे** माननीय रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अधिक जानकारी के लिए कृपया डीआरटी की वेबसाइट **www.etribunal.gov.in** देखें) फोन : **011-23748473**
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
चल रही महामारी की स्थिति के कारण, सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से और उस उद्देश्य के लिए लिया जाएगा:–
(i) सभी अधिवक्ता/पात्रगण "सिस्को वेबेक्स" एप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;
(ii) "रजिस्ट्रार/रिकवरी ऑफिसर–।/और रिकवरी ऑफिसर–।। द्वारा प्राप्त की जाने वाली सुनवाई के मामलों की अगली तारीख के लिए "मीटिंग आईडी" और "पासवर्ड" DRT की आधिकारिक तिथि से एक दिन पहले उपलब्ध होगी। पब्लिक नोटिस हेड के तहत पोर्टल अर्थात "drt.gov.in"
(iii) किसी भी जानकारी हेतु, एडवोकेट्स/लिटिगेंट्स संबंधित अधिकारी से फोन 011–23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायधिकरण की मोहर के तहत **15 सितम्बर, 2021** को दिया गया।
**न्यायाधिकरण के आदेशानुसार,**
**कृते रजिस्ट्रार**
प्रतिवादी उत्तरदाता आगे की पूछताछ के लिए उल्लेखित फोन नंबर के तहत संपर्क कर सकता है।
अमित के. दार, एलडी. रजिस्ट्रार, डीआरटी–।, नई दिल्ली, फोन: 011-23748473, ईमेल: drt1delhi-dfs@nic.in

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई–निविदा**
**खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./12/2021 दि. 05.11.2021**
निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :–
**क्रम सं. 01, कार्य का नाम:** इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों की पावर सप्लाई व्यवस्था में सुधार के साथ वर्तमान खराब अन्डर ग्राउन्ड केबल के बदलाव तथा कासगंज रेलवे कालोनी की वर्तमान पुरानी एवं खराब एल.टी. ओवर हैड लाईन का अण्डर ग्राउन्ड केबल में बदलाव। **अनुमानित लागत रू. में:** 53,20,383.35, **धरोहर राशि रू. में:** शून्य, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में :** शून्य, **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 30.11.2021 15.00 बजे तक। **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह
**क्रम सं. 02, कार्य का नाम:** इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों की विद्युत प्रणाली में सुधार के साथ प्लेटफार्म शेल्टर, सर्विस/स्टेशन बिल्डिंग की रिवायरिंग, एल.ई.डी. ग्लो साईन बोर्ड तथा खराब अन्डर ग्राउन्ड केबल का बदलाव। **अनुमानित लागत रू. में:** 27,24,458.75, **धरोहर राशि रू. में:** शून्य, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में :** शून्य, **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 30.11.2021 15.00 बजे तक। **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह
**क्रम सं. 03, कार्य का नाम:** इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों की सर्विस बिल्डिंग की वर्तमान वायरिंग के साथ एल.टी. ओवर हैड लाईन का अन्डर ग्राउन्ड केबल में बदलाव तथा अर्थिंग व्यवस्था के साथ सर्विस बिल्डिंग की लाईटिंग व्यवस्था में सुधार। **अनुमानित लागत रू. में :** 29,84,233.20, **धरोहर राशि रू. में:** शून्य, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में :** शून्य, **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 30.11.2021 15.00 बजे तक। **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह
● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। ● निविदादाता के पास क्लास – III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। ● केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।
**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर**
**मुजाधि/विद्युत – 59**
**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**मेयर एपेरल लिमिटेड**
CIN : L1810HR1993PLC032010
**पंजीकृत कार्यालय: नं. 3 एवं 4, मुस्तिल नं. 19, किला नं. 5, टाटा कंसल्टेंसी के सामने, एनएच-8, गांव नरसिंहपुर गुरूग्राम-122004, हरियाणा, भारत**
**सूचना**
सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेयर एपेरल लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 11 नवम्बर, 2021 को अप. 1.30 बजे पंजीकृत कार्यालय: (बैठक का वर्चुअल स्थान) में आयोजित की जाएगी जिसमें वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा बोर्ड सदस्यों की भागीदारी की व्यवस्था की जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही/छमाही के लिए कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों तथा अन्य मदों के संबंध विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा।
यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://www.meyerapparel.com और बीएसई, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध है, की वेबसाइट https://www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
**कृते मेयर एपेरल लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**विजय गर्ग**
**कम्पनी सचिव**
**स्थान: गुरूग्राम**
**दिनांक: 6 नवम्बर, 2021**

**गुमशुदा की तलाश**



**मंगल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **मंगल, पुत्रः शिव कुमार, पताः बी–1/728, जे. जे. कॉलोनी, मदनपुर, दिल्ली जोकि दिनांक 22.10.2021 को सुबह 10:30 बजे से इभाश अस्पताल से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 132 A dated 22.10.2021** पुलिस थाना, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़के की पहचान दी गई है:
**नामः मंगल, उम्रः करीब 25 वर्ष, कदः 6', शरीरः पतला, चेहराः लम्बा, रंगः सावंला, बालः काले और छोटे, पहनावाः नीले रंग की टी–शर्ट, काले रंग की जींस, पैरों में हवाई चप्पल है और जो दिमागी तौर से कमजोर है।**
अगर किसी को इस गुमशुदा लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली को संपर्क करें।
**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639**
**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली**
**फोनः 011-22580947, 7065036031**
**DP/620/SHD/21**

**वैधानिक सूचना:** पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

sunday pioneer
NEW DELHI | SUNDAY | NOVEMBER 7, 2021



# Real GDP expected to grow at 8-9%: Motilal Oswal




PTI ■ NEW DELHI

India's real GDP is expected to grow at 8-9 per cent year-on-year (YoY) in Q2FY22, Motilal Oswal Financial Services (MOFSL) said.

The real GDP is the inflation adjusted figure of all the finished goods and services produced in a country within a specific time period.

In a report, MOFSL said its in-house estimates suggest India's real GDP grew at 8-9 per cent YoY in Q2FY22, marginally higher than "our expectations".

The second quarter GDP numbers have not yet been released. The macro-economic data points are slated to be released on November 30.

MOFSL said: "Looking at our EAI estimates, we believe that better growth was largely supported by massive government spending in 2QFY22."

Besides, the report said the economic activity for October 2021 appeared promising.

"Most of the indicators - PMI manufacturing, toll collections, e-way or vahaan registrations, mobility indicators, and power generation - improved last month."

However, the brokerage house's preliminary estimates indicate that Economic Activity Index (EAI) for India's GVA posted a seven-month low growth of 5.4 per cent YoY in September 2021 versus 11.7 per cent YoY in August 2021.

"Consequently, EAI-EVA grew 9.2 per cent YoY in 2QFY22 on account of lower growth in the aFarm and Non-Farm' sectors.

This further indicates the favourable base effect is waning off."

# Macro-data to dictate market trend

## HIGH VALUATIONS A CONCERN

IANS ■ MUMBAI

Ongoing quarterly results season, along with the release of macro-economic data on industrial output and inflation, will determine the trajectory of the key Indian equity indices in the week ahead.

Besides, market experts expressed concern over high valuations as well as global cues impacting FPI inflows.

However, healthy quarterly earnings combined with production growth and normalisation of supply chains will keep investors' sentiments high.

"FPI selling has abated for the time being. However, we need positive FPI flows for the markets to keep rising from here," said Deepak Jasani, Head of Retail Research, HDFC Securities

"A 17,613-17,757 band is crucial on the downside, while a breach of 18,013 could lead to more upsides."

On Thursday, during the hour-long 'Mahurat Trade Session', FIIs sold Rs 328.11 crore worth of stocks on the BSE, NSE and MSEI in the capital market segment.

In terms of corporate earnings, Siddhartha Khemka, Head - Retail Research, Broking & Distribution, Motilal Oswal Financial Services said: "Companies have largely delivered in line with expectation. Most companies have indicated of recovery in demand as the economy opened up although higher commodity and energy prices have exerted downward pressure on margins."

"Companies have taken price hikes to pass on the impact of commodity costs, and the impact of it on demand remains to be seen. However, valuations are still at a premium and would demand consistent earning delivery going ahead. Thus market might continue to remain under pressure till valuations get reasonable and global cues improve."

Furthermore, companies such as Motherson Sumi Systems, Britannia Industries, Bharat Heavy Electricals, IDFC, Indraprastha Gas, Mahindra & Mahindra, MRF, Power Grid, Coal India, Hero MotoCorp and Hindalco are expected to release their Q2 earning results in the coming week.

Apart from Q2 results, investors will look forward to the macro-economic data of IIP (Index of Industrial




Production) and Consumer Price Index (CPI).

The Central Statistics Office (CSO) is slated to release the macro-economic data points of IIP and CPI on November 12.

According to Vinod Nair, Head of Research at Geojit Financial Services: "On a near to medium basis, investors should focus on defensive sectors in anticipation of higher market volatility."

"Sectors such as tourism, capital goods & infra due to the fiscal push and power (renewables) and manufacturing sectors that are bound to benefit from the full-reopening of the economy should be under the investors' radar."

In addition, Santosh Meena, Head of Research, Swastika Investmart said: "FIIs' behaviour along with inflation numbers from the US and China will remain key factors for the next week."

"After an extended weekend, Indian markets are likely to start a fresh week with a positive note on the global backdrop, however there is a risk of selling pressure at higher levels as we are underperforming the global peers where the near term texture has changed to 'sell on rise' from 'buy on dip.'"

# IndiGo to start 12 new flights in Nov

IANS ■ NEW DELHI

Airline major IndiGo said on Saturday that it will commence 12 new flights in November 2021.The airline, which commenced flight service between Ahmedabad and Jodhpur from November 1 and in the Bengaluru-Rajkot, Kolkata-Coimbatore, Delhi-Trivandrum and Dibrugarh-Dimapur routes from November 2, will launch service between Ahmedabad and Ranchi from November 10.

The airline said these flights are designed to cater to business and leisure travellers, who are constantly on the lookout for new and affordable flying options.Sanjay Kumar, Chief Strategy and Revenue Officer at IndiGo, said: "These routes will enhance connectivity between northern, eastern, northeastern, western, and southern regions, promoting trade and commerce. We will continue to offer new routes as per the travel demand across various sectors."At present, IndiGo has a fleet of more than 275 aircraft and operates over 1,400 daily flights, connecting 71 domestic and 24 international destinations.

**BUILDING & MISCELLANEOUS WORKS IN CONNECTION WITH TOY TRAIN PROJECT**

**E-Tender Notice No.:** 37-ENGG-RNY-2021-22, **Dated:** 03-11-2021; E-Tender are invited by the undersigned for the following work; **Brief Description of Work:** Construction of station building, P.P Shed, Pathway, Water supply system, N.F. Railway camp cum control office and miscellaneous works in connection with Toy Train Project (NG-610mm) at PTSO Lake, Tawang, Arunachal Pradesh (approx. 2500m length). **Tender Value:** ₹ 2,26,03,776.71; **Earnest Money:** ₹ 2,63,100/-; **Date & Time of Closing of** Tender at **13:00** hrs. on **24-11-2021. Date & Time of Opening** of Tender at **15:00** hrs. on **24-11-2021.** For details please visit in website **www.ireps.gov.in**

DRM(W), Rangiya
**NORTHEAST FRONTIER RAILWAY**
*Serving Customers With A Smile*

**MEYER APPAREL LIMITED**
**CIN: L1810HR1993PLC032010**
**Regd. Office: No.3 & 4, Mustil No.19, Killa No.-5 Opposite Tata Consultancy N.H-8, Village Narsinghpur,Gurugram- 122004 Haryana, India**
**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that meeting of Board of Directors of Meyer Apparel Limited to be held on Thursday, 11th November 2021 at 1:30 PM at Regd. Office (Virtual Place of Meeting), arrangement will also be made for participation of Board Members electronically through video conferencing facility, inter-alia to consider and approve, the Un-Audited Financial Results for the quarter/half yearly ended September 30, 2021 and amongst other items.

This notice is also available on the website of the company https://www.meyerapparel.com and on the website of BSE Ltd https://www.bseindia.com, where the company's shares are listed.

For Meyer Apparel Limited
Sd/-
Vijay Garg
Company Secretary

Place: Gurugram
Date: November 05, 2021

# India ready to move into next orbit of growth: SBI chief

PTI ■ DUBAI



India is ready to move into the next orbit of growth with the hugely successful implementation of the Covid-19 vaccination program, State Bank of India (SBI) Chairman Dinesh Kumar Khara said on Saturday.

The kind of vaccine drive the country has seen makes all the Indians proud, especially because the domestically produced vaccine is being used in a big way, Khara said at the India Pavilion at EXPO2020 Dubai.

"Actually, it (rapid vaccination) has enhanced the confidence level of the common man as well as the economy," he said.

India recently achieved a major milestone in its vaccination programme against Covid-19 as the cumulative vaccine doses administered in the country surpassed the 100-crore mark.

"The country has lived through one of the most challenging times and has come out of it in a very successful manner that gives the confidence that going forward, the journey should be rather easy, and we should be having a huge opportunity for growth... Which I am sure will go a long way in terms of meeting the common man's aspirations," he said.

The credit growth in the economy was quite muted for almost two years, he said, expressing hope that the capacity utilisation will improve, and help revive investment demand in the corporate sector.

"The government has done a wonderful job by continuing its focus on infrastructure investment, which has gone a long way in terms of giving a push to the core sectors of the economy. And with private corporate sectors coming with the investment, the economy will certainly move to the next orbit of development," he added. On the India Pavilion, Khara said it is presenting the real India, which is full of opportunities, to the whole world in an impressive manner.

# Iran says reserves of 60% enriched uranium hit 25 kg

IANS ■ TEHRAN



The Atomic Energy Organization of Iran (AEOI) said Iran's reserves of 60 per cent enriched uranium have reached 25 kg, Tasnim News Agency has reported.

"Iran is among the few countries that are able to produce it(60 per cent enriched uranium)," AEOI's Spokesman, Behrouz Kamalvandi was quoted as saying.

Iran's "stockpile of 20 per cent enriched uranium has surpassed 210 kg," he added.

According to a law passed by the Iranian parliament in December 2020, the AEOI was required to produce at least 120 kg of 20 per cent enriched uranium by the end of 2021.

Under the 2015 Iranian nuclear agreement, officially known as the Joint Comprehensive Plan of Action (JCPOA), Iran was obliged to limit its uranium enrichment to a 3.67 per cent purity and to stockpile no more than 300 kg of the material, Xinhua news agency reported. Iranian authorities have said the boost in uranium enrichment, along with other measures to reduce some commitments under the JCPOA, is a reaction to the US unilateral withdrawal from the nuclear deal and the failure of European signatories to protect Iran's interests amid US energy and banking sanctions.

After six rounds of negotiations aimed at reviving the JCPOA in Austria's capital Vienna between April and June, Iran and the European Union on Wednesday agreed to continue the talks from November 29.

# Rajib Kumar Mishra given charge as PTC India's CMD

PTI ■ NEW DELHI

PTC India has said Rajib Kumar Mishra has been given the charge of the company's chairman and managing director, effective Saturday.

"Rajib Kumar Mishra, director (marketing and business development) shall exercise the power of chairman and managing director of PTC India Ltd with effect from November 6, 2021, subsequent to relieving of Deepak Amitabh," the company said in a statement.

Earlier this month, the company stated in a BSE filing, "This is in continuation to our letter dated October 13, 2021, informing about the resignation of Deepak Amitabh as CMD of PTC India from November 5, 2021."

PTC India's board in its meeting held on November 1 decided that till regular CMD/MD is appointed, Mishra, the current whole-time director, will also exercise the powers of CMD from November 6, according to the BSE filing.

# I-T searches carried out at Maharashtra based Urban Credit Cooperative Bank

IANS ■ MUMBAI

The Centre on Saturday said that Income Tax (I-T) Department recently carried out 'search and seizure operations at locations associated with an Urban Credit Cooperative Bank located in Maharashtra.

According to the Ministry of Finance, the operation was carried out on October 27 at the bank's Headquarter and one of the branches.

Besides, the residence of the bank's Chairman and one of its directors were also covered.

"The analysis of bank data on 'Core Banking Solutions' (CBS) and the statements of key persons recorded during the search action has revealed the glaring irregularities in opening the bank accounts."

"More than 1,200 new bank accounts were opened in the said branch without PAN. The investigations have revealed that these bank accounts were opened without following KYC norms and all account opening forms are filled in by the bank staff and they have put their signature or thumb impressions."

As per the statement, in all these accounts, multiple cash deposits each of exact denomination of Rs 1.9 lakh, were made totalling to ₹53.72 crore.

**GOVERNMENT OF JAMMU & KASHMIR**
**Office of the Executive Engineer, Jal Shakti PHE, Ground Water Division,Sgr.**

**Gist of e-Tender.**
**NIT No: - e-PHE/GWDS 56 of 11/2021, Dated: -11-2021**

For and on behalf of Lieutenant Governor of Jammu and Kashmir e-tenders are invited in 02 Cover System for Construction of tube wells at below mentioned site from registered water well drillers/contractors as per the details given in tender document.

**S.No 1. Name of work :- Construction of Production Tube Well at WSS Shungli Nasserpora Hard Suresh.**
**Est. Cost Rs. in Lacs :- Rs. 36.80 Lacs**, **Cost of Tender Document :-** Rs. 1000/- **Time of completion :-** 45 Days, **Class of Contract :-** Registered for Construction of Gravel Packed Production Tube Wells, **Prog :-** Languishing (LUP 1110), **AAA No:** Accorded

**Critical Dates / Information.**

1. **Publishing Date :-** 05-11-2021 (11.00 A.M)
2. **Period of Downloading of Bids** :- 05-11-2021 (11:00 A.M) to 12-11-2021 (02:00 P.M)
3. **Period of Submission of bids :-** 05-11-2021 (11:00 A.M) to 12-11-2021 (02:00 P.M)
4. **Date of opening of Tender. :-** 13-11-2021 at (02:00 P.M)
5. **Tender Receiving Authority:** Executive Engineer, (Jal Shakti) PHE Ground Water Srinagar Kashmir- 190011.
6. **Document Cost : Non-Refundable** in the shape of Treasury Challan/receipt deposited to **Account Head 0215** in favour of Executive Engineer (Jal Shakti) PHE Ground Water Division Srinagar (at Saddar Treasury Srinagar) *(The firm shall specify the name of work for which apply)*
7. **Bid Validity Period: 180 Days**
8. The bids can be downloaded or uploaded on **www.Jktenders.gov.in**
9. Instead of EMD the firm has to furnish **"Bid Security Declaration"**, format of the declaration is mentioned in the Bid Document

Sd/- Executive Engineer,
Jal Shakti PHE Ground Water Division, Srinagar.

No. DIPK-12014/21 Dated: 06-11-2021

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the Public at large that Smt. Poonam Kapoor D/o. Sh. Sushil Kumar Anand & W/o. Sh. Ashok Kumar Mehta is the 'Title Holder' in possession of 'Society Built Up Freehold Flat No. A-13, Hilansh CGHS Ltd., Plot No. 1, Sector–10, Dwarka, New Delhi-75', hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Conveyance Deed dated 19.05.2009, registered as Regn. No. 7191, Addl. Book 1, Vol. No. 3378, pp. 111-112 on 19.05.2009 in the Office of Sub Registrar–VII, New Delhi. That the Schedule Property was allotted by Hilansh CGHS Ltd. to Ms. Poonam Kapoor and Conveyance Deed is also executed in the name of Smt. Poonam Kapoor, however, the sale of the Schedule Property is presently intended to be undertaken in the name of Smt. Poonam Kapoor alias Smt. Poonam Mehta (surname taken upon second marriage vide Certificate of Marriage dated 07.02.2002, issued by New Jersey Department of Health and Senior Services, USA) through her Special Power of Attorney Sh. Sushil Kumar Anand vide Special Power of Attorney dated 27.09.2021 apostille by the Consulate General of India at New York, USA on 12.10.2021. Thus, this notice is to declare that Smt. Poonam Anand D/o. Sh. Sushil Kumar Anand, Smt. Poonam Kapoor W/o. Sh. Ajay Kapoor (Previous Marriage), Smt. Poonam Mehta W/o. Sh. Ashok Kumar Mehta (Current Marriage) and Smt. Poonam (as seen attesting her signature on Schedule Property Documents) are all one and the same Person. This notice is issued to Public at Large, i.e. to any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any objection to the alias of names of the 'Title Holder' of the Schedule Property or having any claim, right, title, interest, possession in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 15 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and such claims or objection shall be treated as waived, and the 'Title Holder' shall proceed to sell the Schedule Property as presently intended.

Nisheeth Khurana
On Behalf of Poonam Mehta
Advocate- 1211/2013
Flat No. 62, Sunview Apartment Sector-11, Pocket-4, Dwarka, New Delhi-110075
Mob: 9911112997

# Indusind Bank says whistleblower claims baseless

PTI ■ MUMBAI

Terming whistleblower allegations on loan evergreening as "grossly inaccurate and baseless", Indusind Bank on Saturday admitted to have disbursed 84,000 loans without customer consent in May owing to a "technical glitch".

Lending without the consent was reported by the field staff in two days, and the glitch was also rectified expeditiously, the private sector lender said in a clarification.

On Friday, there was a media report about anonymous whistleblowers writing to the bank management and the RBI about BFIL, the microlending-focused subsidiary of the bank, allegedly resorting to evergreening of loans, wherein existing borrowers unable to pay dues were given new loans to present the books as clean.

"The bank strongly denies the allegations of 'evergreening'. All the loans originated and managed by BFIL, including during the Covid period which saw the first and second waves ravaging the countryside, are fully compliant with the regulatory guidelines," an official statement said.

"Due to a technical glitch in May 2021, nearly 84,000 loans were disbursed without the customer consent getting recorded at the time of loan disbursement," it added.

"Operational issues" due to the pandemic's second wave like lockdowns, containment zones, and restrictions at the village/panchayat level had necessitated disbursement of some loans in cash, it said.

At the end of September, 26,073 of these 84,000 clients were active with the loan outstanding at Rs 34 crore, which is 0.12 per cent of the September-end portfolio, the bank said, adding that it carries necessary provisions against the loans.

**SEARCH FOR MISSING/KIDNAPPED**



**Bharati Rawat**

General public is hereby informed that a girl namely **Bharati Rawat, D/o Sh. Ram Rawat, R/o: Kilkari Rainbow Home Chabi Ganj, Kashmere, Delhi has been reported missing/kidnapped since 28.01.2019 from ISBT Kashmere Gate, Delhi. In this regard FIR No. 33/19 dated 28.01.2019 u/s 363 IPC has been registered at P.S. Kashmere Gate, Delhi.** The description of missing/kidnapped girl is as under:

**Name: Bharati Rawat, Age: About 15 Years, Height: 5', Face: Oval, Complexion: Shallow, Built: Thin, Wearing: Black Colour Sweater & Black Jeans.**

If anyone have any information about this missing/kidnapped girl please inform P.S. Kashmere Gate, Delhi.

**Web: http://cbi.nic.in, Email: cic@cbi.gov.in**
**Ph.: 011-24368638/24368641, Fax: 011-24368639**

**SHO**
**Police Station Kashmere Gate, Delhi**
**Ph: 011-23967889, 8750870123**

DP/1639/N/2021

# 450 square feet office in prime Mumbai for six officials only!

IANS ■ CHENNAI

Which financial sector regulator in India has the luxury of having 7,450 square feet office in high rent city Mumbai for just six officials?

Well, the answer is the Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDAI) that runs on policyholders' money, a senior official, speaking on condition of anonymity, told IANS.

One can play 'catch me if you can' there, the official added.

"It is IRDAI's 'kala pani' (the Cellular Jail or the colonial-era prison in Andaman during the British rule - where inconvenient officials to the powers that be are transferred out of Hyderabad," the official said.

Sources told IANS, the IRDAI had taken on lease an office space of 7,450 square feet in Churchgate, Nariman Point, Mumbai in 2014, got it renovated at a cost of more than Rs 1 crore, and opened its Mumbai Regional office (MRO) in October 2015.

Since 2015, at any point of time, not more than 10 officers have been posted in the MRO - a luxurious 740 square feet per official.

**GOVERNMENT OF JAMMU AND KASHMIR**
**Directorate of Sheep Husbandry Department Kashmir**
**Lal-Mandi, Srinagar 190008**
**Tel. No: 09194-2310604. Fax No: 0194-2311063, Email id: kashmirmerino.sheep@gmail.com**

**E-Nit No:- DSHK/ACCTTS/21-22/ 11421-33 Dated:- 05-11-2021**

**Subject: E-Procurement Notice for the supply of Drugs/Medicine.**
**Reference :- (i) Adminstrative Department Letter No.:- ASHF-Acct/52/2021-03 ANIMAL SHEEP HUSBANDRY AND FISHERIES DEPARTMENT dated:- 03-11-2021.**
**(ii) Director Sheep Husbandry's Order No.:-149 dated:- 05-11-2021**

For and on behalf of Lt. Governor of Jammu & Kashmir, Union Territory of India, e-Tenders in two bid system (Technical-1 and Financial bid-2) through Chairman State Level Purchase committee, Sheep Husbandry Department, J&K, Kashmir (Directorate of Sheep Husbandry Department, Kashmir) are invited from manufacturers/ companies of national repute of Drugs and Medicines for fixing the rate contract for supply of various Drugs/Medicines.

**1.** The bidding documents consisting of qualifying information, eligibility, criteria, specifications, bill of quantities (B.O.Q), set of terms and conditions of supply/contract and other details can be seen/downloaded from the e-procurement website **www.jktenders.gov.in** as per schedule of dates given below.

**1.** Date of Issue of Tender Notice :- **05-11-2021**
**2.** Period of downloading of bidding documents :- **06-11-2021 to 15-11-2021**
**3.** Bid submission start date :- **06-11-2021**
**4.** Bid submission end date :- **15-11-2021 (4:00 P.M)**
**5.** Date and time of opening of technical bids (online) :- **16-11-2021 (2:00 P.M)**
**1.** Instructions for bidders regarding e-tendering process:-
**i.** Bidders are advised to download bids submission manual from the "Downloads option as well as from Bidders Manual kit" on the website **www.jktenders.gov.in** to acquaint themselves with bid submission process.
**ii.** To participate in bidding process bidder has to get a Digital Signature Certificate (DSC), as per Information Technology ACT-2000. Bidders can get Digital Certificate from an approved vendor.
**iii.** The bidder has to submit their bids online in electronic format with the Digital Signature. No bidding will be accepted in physical form.
**iv.** Bids will be opened online as per the schedule mentioned at Para-1.
**v.** Bidders must ensure to upload scanned copy of all necessary documents with the technical bid.
**2.** The department will not be responsible for delay in online submission due to any reason.
**(Note: Scan all the documents on 100dpi with Black and White option.)**

Sd/- Chairman State Level Purchase Committee
Sheep Husbandry Department Jammu & Kashmir

DIPK-11997/21 Dated: 06.11.2021